आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- डॉ. दिनेश शर्मा ने कल अंडमान निकोबार द्वीप समूह के चौदहवें उपराज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है।
- द्वीपसमूह में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जा रहे है।
- अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन आगामी सब–जूनियर बॉयज नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

डॉ. दिनेश शर्मा ने कल अंडमान निकोबार द्वीप समूह के चौदहवें उपराज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण किया। लोक निवास में आयोजित एक औपचारिक शपथ ग्रहण समारोह में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति रवींद्र विठ्ठलराव घुगे ने उपराज्यपाल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती ने नियुक्ति पत्र पढ़कर सुनाया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद अंडमान निकोबार पुलिस की टुकड़ी ने उपराज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। समारोह में द्वीपसमूह की प्रथम महिला डॉ. जय लक्ष्मी शर्मा और उपराज्यपाल के परिवार के अन्य सदस्य शामिल हुए। इसके अलावा सांसद बिष्णु पद रे, कमांडर इन चीफ वाइस एडमिरल विनीत मैकार्टी, जिला परिषद अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष, पार्षद, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, रक्षा एवं नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य, राजनीतिक दलों के नेता, प्रमुख नागरिक और आम जनता उपस्थित थी।

पदभार ग्रहण करने के बाद उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल का दौरा कर शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने वीर सावरकर सेल का भी दौरा किया और वीर सावरकर को श्रद्धांजलि दी।

<><><><><><><>

जल शक्ति मंत्रालय ने 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान का गान जारी किया है। इस गान को प्रसिद्ध गायक–संगीतकार शंकर महादेवन ने गाया है। यह गीत जन भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के राष्ट्रव्यापी आंदोलन को संगीतमय आवाज देता है। मंत्रालय ने कहा कि इस राष्ट्रगान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को हर गांव, कस्बे, विद्यालय, संस्थान और घर तक पहुंचाना है, विशेष रूप से युवाओं को जल संरक्षण का दूत बनने के लिए प्रेरित करना है। यह वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण संरचनाओं के निर्माण और पुनरुद्धार को प्रोत्साहित करता है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से राष्ट्रीय पोषण माह मना रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों और ग्रामीणों के बीच पोषण और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में कल मीठाखाड़ी ग्राम पंचायत में पोषण संबंधी मुद्दों पर चर्चा के लिए एक ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। पोषण माह 19 सितंबर को संपन्न होगा।

<><><><><><><>

द इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स के क्षेत्रीय केन्द्र ने कल सतत और तकनीकी रूप से संप्रभु भारत के लिए इंजीनियरिंग उत्कृष्टता विषय पर उनसठवां अभियंता दिवस मनाया। इस अवसर पर मानद सचिव देवदास पाइक ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में CGRPT के अधीक्षक कमानडेंट नरेश कुमार शर्मा, NHIDCL के कार्यकारी निदेशक प्रभात कुमार सिंह और सेवानिवृत्त मेजर जनरल डॉ. श्री पाल, ने उपस्थिति को संबोधित किया।

इस दौरान पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता के लिए बी.टेक तृतीय वर्ष के छात्र जे. दिनेश को सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में हिंदी पखवाड़ा के विभिन्न कार्यक्रमों के तहत, कल श्री विजयपुरम मुख्यालय क्षेत्र के तमिल, बांग्ला और तेलुगु माध्यम के स्कूलों के कक्षा छठवीं से आठवीं तथा नवीं से दसवीं के छात्रों के लिए हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज हिंदी टंकण प्रशिक्षण केंद्र में प्रशासन के विभिन्न विभागों, कार्यालयों और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए हिंदी टंकण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा, की ओर से अनुबंध के आधार पर एक सौ नवासी विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह नियुक्ति अगले वर्ष इक्कतीस मार्च तक के लिए होगी। आवेदन कल सुबह नौ बजे से क्षेत्रीय या खंड परियोजना कार्यालयों से प्राप्त कर सकते हैं। फार्म edurec.andamannicobar.gov.in पर भी उपलब्ध रहेंगे। भरे हुए आवेदन पत्र 25 सितम्बर शाम साढ़े चार बजे तक जमा किए जा सकते हैं। खंड स्तर पर पात्र सूची का प्रकाशन 26 सितम्बर को, दावे और आपत्तियां 28 सितम्बर को शाम 5 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। सहायक पद के लिए साक्षात्कार तीस सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवारों को एक पद के लिए केवल एक ही स्थान से आवेदन जमा करने को कहा गया है। एक ही पद के लिए अलग–अलग स्थानों से एक से अधिक आवेदन जमा करने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। अधिक जानकारी विभाग के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

एक सौ चौवन इन्फैंट्री बटालियन, बिहार की ओर से जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में स्नातक तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रादेशिक सेना में कैरियर के अवसरों पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कर्नल नवीन कुमार सिन्हा ने प्रादेशिक सेना की भूमिका, सैनिकों की भर्ती प्रक्रियाओं और अधिकारियों के लिए कमीशनिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को रक्षा सेवाओं को एक उत्कृष्ट एवं सम्मानित कैरियर विकल्प के रूप में चुनने तथा देश सेवा के अवसर के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन आगामी सब–जूनियर बॉयज नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2026–27 के लिए चयन ट्रायल का आयोजन करने जा रहा है। चयन ट्रायल बीस सितंबर को सुबह नौ बजे से बर्डलाइन मैदान में आयोजित होगा। पहली जनवरी दो हजार तेरह से इक्कतीस दिसम्बर दो हजार चौदह के बीच जन्मे खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते हैं। एसोसिएशन ने सभी जिलों, विभागों, क्लबों, सेवाओं और गांवों से इच्छुक खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में भेजने का अनुरोध किया है। अधिक जानकारी के लिए एसोसिएशन के पदेन सचिव संजय मेशाक और मोइनु से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में जुलाई 2027 सत्र के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से कक्षा 8वीं में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज प्रवेश परीक्षा का आयजन किया जाएगा। परीक्षा छः दिसम्बर को आयोजित होगा। परीक्षा के लिए 30 सितंबर शाम पांच बजे तक examinationservices.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। पांच सौ रूपये विलंब शुल्क के साथ 7 अक्टूबर रात 11 बजकर 50 बजे तक आवेदन करने की छूट दी गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी RIMC की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

<><><><><><>

नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2027–28 के लिए कक्षा 9 और 11 में प्रवेश हेतु लेटरल एंट्री चयन परीक्षा अगले वर्ष 10 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा।

इस परीक्षा के लिए इच्छुक विद्यार्थी 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी cbseitms.nic. in पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>